**श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा**
विधायक
विधानसभा क्षेत्र क्र.-47, धरसींवा
जिला - रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. : 9424200122
E-mail : anitayogendrasharma0012@gmail.com

कार्यालय : दादागुरू कार्यालय, बिलासपुर रोड, सांकरा (निको), रायपुर (छ.ग.) 493221
निवास : रायपुर- म.क्र. 14, अवनि प्राईड दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.)
स्थाई निवास : विष्णु निवास, ग्राम-टेकारी, पो.-गिरौद तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक :

दिनांक 01/04/2021

प्रति

श्रीमती सोनिया गांधी जी
माननीय अध्यक्षा
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
10 जनपथ, नई दिल्ली

विषय– छ.ग. पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व महाप्रबंधक डॉ. अशोक चतुर्वेदी के कदाचार के संबंध में।

श्रद्धेया!

आपके कुशल मार्गदर्शन, नेतृत्व और कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर जनता ने सन 2018 में प्रचंड बहुमत से छत्तीसगढ में कांग्रेस को सरकार बनाने का जनादेश दिया था। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाते समय जनता के मन में पूरी पूरी आशा थी कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के पिछले 15 वर्षों में छत्तीसगढ़ को जो भाजपा तथा भाजपा के पोषित अधिकारी तंत्र ने लूटा खसोटा, भ्रष्टाचार किया और असंवैधानिक व्यवस्थाओं को फैलाया, उसका अंत होगा, और माननीय श्री भूपेश बघेल के मुख्यमंत्रित्व में प्रदेश सरकार ने भाजपा शासनकाल के सभी अराजक और भ्रष्ट तत्वों पर करारा प्रहार भी किया है तथा यह प्रकिया सतत जारी है।

परंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश की नौकरशाही में कुछ ऐसे भी अधिकारी हैं जो नियम कायदों और व्यवस्थाओं को दरकिनार करते हुए अपने पद और अधिकारों का भरपूर दुरूपयोग अपने निजी फायदे के लिये और अपने करीबी लोगों के भ्रष्टाचार के तंत्र को बढ़ावा देने के लिये करते हैं। इन्हीं में एक नाम है **डॉ. अशोक चतुर्वेदी** का।

Anita Sh

Scanned with CamScanner

श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा
विधायक
विधानसभा क्षेत्र क्र.-47, धरसींवा
जिला - रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. : 9424200122
E-mail : anitayogendrasharma0012@gmail.com

कार्यालय : दादागुरू कार्यालय, बिलासपुर रोड, सांकरा (निको), रायपुर (छ.ग.) 493221
निवास : रायपुर- म.क्र. 14, अवनि प्राईड दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.)
स्थाई निवास : विष्णु निवास, ग्राम-टेकारी, पो.-गिरौद तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक :

दिनांक 01/04/2021

डॉ. अशोक चतुर्वेदी 14 अगस्त 2015 से 25 अगस्त 2020 तक छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम में महाप्रबंधक के पद पर प्रतिनियुक्ति में रहे। वर्तमान में ये राज्य कार्यक्रम प्रबंधक दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राज्य आजीविका मिशन, मिशन संचालक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के पदों पर कार्य कर रहे हैं। डॉ. अशोक चतुर्वेदी का छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम महाप्रबंधक का कार्यकाल विवादों तथा भ्रष्टाचार से घिरा रहा है।

डॉ. अशोक चतुर्वेदी के विरूद्ध आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो/एंटी करप्शन ब्यूरो छत्तीसगढ़ में कई अपराध दर्ज हैं। इन पर आरोप है कि इनके द्वारा टेंडर प्रकिया में जालसाजी कर करोडों की अनियमितता की तथा अपनी करीबी होप इंटरप्राइेस को टेंडर प्रकिया में गड़बडी कर करोड़ों का टेंडर दिलवाया, ब्लैक लिस्टेड फर्म को करोडों रूपये का काम दिलवाया।

छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम को होने वाले लाभांश का प्रयोग शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने वाले कार्यों पर किये जाने की व्यवस्था है परंतु **डॉ. अशोक चतुर्वेदी के कार्यकाल में छ.ग. पा.पु.नि. में अनुदान घोटाला किया गया तथा अपने करीबी लोगों को लाखो रूपये स्वेच्छानुदान में बांट दिये गये** जिनका शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन से कोई संबंध ही नहीं था। लेखा परीक्षकों ने भी इस पर आपत्ति प्रकट की थी।

डॉ. अशोक चतुर्वेदी मूलतः पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संयुक्त आयुक्त हैं, छ.ग. पा.पु.नि. में इनके ऐसे कदाचारों की जानकारी होने पर **सरकार ने नवंबर 2019 में इनकी वापसी इनके मूल विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में कर दी थी परंतु डॉ. अशोक चतुर्वेदी ने हाईकोर्ट से स्थगन हासिल कर लिया था।**

Anita Sh

Scanned with CamScanner

**श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा**
विधायक
विधानसभा क्षेत्र क्र.-47, धरसींवा
जिला - रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. : 9424200122
E-mail : anitayogendrasharma0012@gmail.com

कार्यालय : दादागुरू कार्यालय, बिलासपुर रोड, सांकरा (निको), रायपुर (छ.ग.) 493221
निवास : रायपुर- म.क्र. 14, अवनि प्राईड दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.)
स्थाई निवास : विष्णु निवास, ग्राम-टेकारी, पो.-गिरौद तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक :

दिनांक 01/04/2021

इन्होंने अपने आप को बचाने के लिये तथा अपने उच्च स्तरीय संपर्कों (खासकर भाजपा के उच्च पदासीन लोगों एवं अधिकारियों) का लाभ उठाने के लिये एक चाल चली तथा छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम में 2015 से 2019 के बीच कागज खरीदी, स्वेच्छानुदान, विविध मुद्रण आदि में प्राथमिक जांच के तारतम्य में अपने ही विभाग की सीबीआई जांच की मांग कर दी।

विशेष ध्यान देने वाली बात यह है कि डॉ. अशोक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर में कई याचिकायें दायर की हैं। वहीं पाठ्य पुस्तक निगम में हुए भ्रष्टाचार को लेकर दायर याचिका में श्री देवजी भाई पटेल जो स्वयं 5 अगस्त 2015 से 12 दिसंबर 2018 तक छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष थे, इंटरवीनर बन गये हैं। **श्री देवजी भाई पटेल से डॉ. अशोक चतुर्वेदी की निकटता जगजाहिर है। जब श्री देवजी भाई पटेल विधानसभा क्षेत्र धरसींवा से भाजपा विधायक थे उस समय डॉ. अशोक चतुर्वेदी धरसींवा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (Chief Executive Officer ) थे।**

तत्कालीन विधायक श्री देवजी भाई पटेल ने डॉ. अशोक चतुर्वेदी को महाप्रबंधक बनाने के लिये शासन के नियमों को भी दरकिनार कर दिया था। सेवा नियमों के अनुसार छ. ग. पाठ्य पुस्तक निगम के महाप्रबंधक का पद प्रथम श्रेणी के अधिकारी से भरा जाता है। 2015 में ऐसे अधिकारी का वेतनमान 14300–18000 रू. होना चाहिये था परंतु अशोक चतुर्वेदी द्वितीय श्रेणी के अधिकारी थे और छ.ग. पा.पु.नि. की पदस्थापना के तय मापदंड पर भी खरे नहीं उतर रहे थे फिर भी देवजी भाई पटेल ने अपनी राजनीतिक पहुंच का इस्तेमाल करके डॉ. अशोक चतुर्वेदी को नियम विरूद्ध तरीके से छ.ग. पा.पु.नि. में महाप्रबंधक के पद पर प्रतिनियुक्ति दिलवा दी।

Anita Sh

Scanned with CamScanner

श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा
विधायक
विधानसभा क्षेत्र क्र.-47, धरसींवा
जिला - रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. : 9424200122
E-mail : anitayogendrasharma0012@gmail.com

कार्यालय : दादागुरू कार्यालय, बिलासपुर रोड, सांकरा (निको), रायपुर (छ.ग.) 493221
निवास : रायपुर- म.क्र. 14, अवनि ग्राईड दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.)
स्थाई निवास : विष्णु निवास, ग्राम-टेकारी, पो.-गिरौद तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक :

दिनांक 01/04/2021

इस बात की आशंका उठनी स्वाभाविक है कि कहीं इस भ्रष्ट अधिकारी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियों में अपने भ्रष्टाचार की जड़ें तो नहीं जमा ली हैं? क्योंकि डॉ. अशोक चतुर्वेदी जिसने कांग्रेस सरकार को अदालत में कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की, जिसने कांग्रेस सरकार पर आपराधिक षड़यंत्र कर स्वयं को फंसाने का मिथ्या आरोप लगाया, जिसने अपने भाजपा के संपर्कों के माध्यम से स्वयं को बचाने के लिये सरकार पर दबाव बनवाने की कोशिश की है।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में भ्रष्टाचार में डूबे डॉ. अशोक चतुर्वेदी जैसे अधिकारी को कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी महत्वपूर्ण और प्रभावशाली पद पर पदस्थ किया जाना प्रदेश की जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है, और इससे न केवल प्रदेश सरकार की बल्कि शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की भी छवि खराब हो रही है जिसका सीधा असर कांग्रेस और सरकार की लोकप्रियता पर पड़ रहा है।

आप हमारे कांग्रेस परिवार की प्रेरणा हैं, हम सब की संरक्षक हैं, हम सबकी प्रकाश स्तंभ हैं, जब कभी हमारे जीवन में नैराश्य का अंधकार और किंकर्तव्यविमूढ़ता आती है तो हम आपकी ओर देखते हैं और हमें सही राह मिलती है।

डॉ. अशोक चतुर्वेदी जैसे भ्रष्ट और बदनाम अधिकारी को फिर से प्रभावशाली स्थिति में देखकर प्रदेश की जनता और कांग्रेस के निष्ठावान जमीनी कार्यकर्ताओं में एक वेदना उत्पन्न हुई है, जिसका समाधान सिर्फ आपके माध्यम से हो सकता है।

Anita Sh

Scanned with CamScanner

**श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा**
**विधायक**
**विधानसभा क्षेत्र क्र.-47, धरसींवा**
**जिला - रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. : 9424200122**
E-mail : anitayogendrasharma0012@gmail.com

**कार्यालय** : दादागुरू कार्यालय, बिलासपुर रोड, सांकरा (निको), रायपुर (छ.ग.) 4932
**निवास** : रायपुर- म.क्र. 14, अवनि प्राईड दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.)
**स्थाई निवास** : विष्णु निवास, ग्राम-टेकारी, पो.-गिरौद तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.

**क्रमांक :**

**दिनांक** 01/04/2022

अतः आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि कृपया डॉ. अशोक चतुर्वेदी के पूर्व एवं वर्तमान कृत्यों की गहन जांच कराने उनके विरूद्ध समुचित कार्यवाही करवाने और उन्हें संरक्षण व सहायता देने वाले लोगों की पहचान करने का कष्ट करें ताकि कांग्रेस के जनाधार और लोकप्रियता की रक्षा की जा सके, उसे अक्षुण्ण रखा जा सके।

आपके संरक्षण और आशीष की प्रतीक्षारत !

आपकी ही विश्वासपात्र !!

Anita Sh

श्रीमती अनिता शर्मा
विधायक कांग्रेस
विधानसभा क्षेत्र धरसींवा

Scanned with CamScanner